Title: Need to solve acute drinking water problem in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री रामदास रुपला गावीत (धुले) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धुले (महाराट्र) में इस र्वा पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराने में असमर्थ है। पेयजल के अभाव के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोग अन्यत्र पलायन कर रहे हैं तथा फैक्ट्रियां भी दूसरे स्थानों पर जा रही हैं और इस क्षेत्र में लोग बेरोजगार हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा टैंकरों द्वारा पेयजल की थोड़ी व्यवस्था अब की जा रही है लेकिन वह व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है।

अतः मैं आपके माध्यम से जल संसाधन विकास मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में पेयजल के लिये कोई विशो योजना अविलम्ब चालू करने के लिए उचित कार्यवाही करने का कट करें।